INTERNATIONAL INDIAN SCHOOL BURAIDAH
WORKSHEET STD X
PATRA LEKHAN (Letter Writing)

1.प्रधानाचार्य/प्राचार्य को (LETTER TO THE PRINCIPAL)
2.संपादक को (LETTER TO THE EDITOR)
3.अधिकारी को (LETTER TO THE OFFICER)

1.**प्रधानाचार्य को पत्र**

परीक्षा भवन (If the SENDER'S address is given in the question--Write that)
च छ ज विद्यालय
क ख ग शहर।
17 अप्रैल 2024.

प्रधानाचार्य
च छ ज विद्यालय
क ख ग शहर
विषय: (copy from the question)
महोदय,
मैं------------- दसवीं कक्षा का छात्र हूँ ।---

आपसे निवेदन है कि आप मुझे छात्रवृत्ति/ चरित्र प्रमाण पत्र प्रदान करने की कृपा करें।
सधन्यवाद।
भवदीय
नाम- क ख ग (If the name is given in the question-write that)

CamScanner

2.संपादक को

परीक्षा भवन (If the SENDER'S address is given in the question--Write that)
45, गांधीनगर
क ख ग शहर।
17 अप्रैल 2024

संपादक महोदय
नवभारत टाइम्स
क ख ग शहर
विषय: (copy from the question)

महोदय,
मैं--------------------- गांधीनगर का निवासी हूँ । पिछले दस वर्षों से यहाँ रह रहा हूँ।---
----

आपसे अनुरोध है कि आप इस पत्र को अपने सम्मानित समाचार पत्र में प्रकाशित करने की कृपा करें।
सधन्यवाद

भवदीय
क ख ग (If the name is given in the question-write that)

CS CamScanner

3.अधिकारी को

परीक्षा भवन,   (If the from address is given in the question--- Write that)
45 -गांधीनगर,
क ख ग शहर।
17 अप्रैल 2024

अधिकारी(Example- नगर निगम अधिकारी)
वार्ड नंबर 33
का खा ग शहर
विषय: (copy from the question)
महोदय
मैं-------------------------------- गांधीनगर का निवासी हूँ। पिछले दस वर्षों से यहाँ रह रहा हूँ ।---
----

आपसे अनुरोध है कि आप इस विषय पर ध्यान दें और उचित कदम उठाने की कृपा करें।
सधन्यवाद

भवदीय
क ख ग (If the name is given in the question-write that)

CamScanner

पत्र लेखन

प्रधानाचार्य को

प्रश्न

आप दसवीं कक्षा में पढ़ने वाली मानसी शर्मा है। आपकी बड़ी बहन का विवाह पड़ने के कारण आप विद्यालय नहीं जा सकेंगी। इस संबंध में चार दिन के अवकाश हेतु अपने विद्यालय की प्रधानाचार्या को प्रार्थना पत्र लिखिए।:

सेवा में
प्रधानाचार्या महोदया
विकास भारती पब्लिक स्कूल
सेक्टर-28, रोहिणी
दिल्ली

विषय-चार दिन के अवकाश के संबंध में

महोदया

विनम्र निवेदन यह है कि मैं इस विद्यालय की दसवीं कक्षा की छात्रा हूँ। मेरी बड़ी बहन का विवाह आगामी 14 फरवरी, 20XX को होना तय हुआ है। विवाहोत्सव के कारण घर में मेहमानों का आना-जाना लगा हुआ है। इससे घर में काम-काज बढ़ गया है। मुझे भी घर के कार्यों में माँ का हाथ बँटाना पड़ रहा है। इस कारण मैं 13 फरवरी से 16 फरवरी, 20XX तक विद्यालय आने में असमर्थ हूँ।

आपसे प्रार्थना है कि मुझे 13 से 16 फरवरी, 20XX तक अवकाश प्रदान करने की कृपा करें। आपकी अति कृपा होगी।

सधन्यवाद

आपकी आज्ञाकारी शिष्या
मानसी शर्मा

संपादक को

CS CamScanner

टाइम्स ऑफ इंडिया के संपादक को एक पत्र लिखें, जिसमें हाउसिंग कोऑपरेटिव सोसाइटी की समस्याओं पर प्रकाश डालें, जिसमें आप हाल ही में स्थानांतरित हुए हैं।

अकबर रोड़
क.ख.ग शहर
नई दिल्ली
19 सितंबर, 2024
संपादक
टाइम्स ऑफ इंडिया
नई दिल्ली

विषय: सरस्वती विहार की समस्याएं

महोदय,
मैं अबस कखग शहर का निवासी हूँ । मैं कखग शहर की समस्याओं पर प्रकाश डालना चाहता हूँ। एक हाउसिंग कोऑपरेटिव सोसाइटी जिसमें मैं हाल ही में स्थानांतरित हुआ हूं। मैं आपसे अनुरोध करता हूँ कि संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करने के लिए उन्हें व्यापक प्रचार-प्रसार करें। कॉलोनी में बिजली के खंभे तो हैं, लेकिन स्ट्रीट लाइट की कोई व्यवस्था नहीं है। घरेलू बिजली आपूर्ति में व्यवधान होने पर पूरा अंधेरा छा जाता है।
सड़कों पर सीवरेज लाइनों के ऊपर खुले मैनहोल हैं। इनसे कुछ दुर्घटनाएं हुई हैं। कल ही एक आठ वर्षीय बच्चे को मौत से बचाया गया। कूड़ा निपटान प्रणाली बहुत खराब है। शायद नगर निगम के अधिकारी इस हाउसिंग सोसाइटी के अस्तित्व का बिल्कुल भी संज्ञान नहीं लेते।
कभी-कभार ही कोई ट्रक घरेलू कचरा इकट्ठा करने के लिए इलाके में आता है। क्या मैं आशा कर सकता हूँ कि अधिकारी निवासियों की वास्तविक कठिनाइयों पर ध्यान देंगे और प्रभावी उपचारात्मक कार्रवाई करेंगे?
मुझे आशा है कि आप हमारे मुद्दे का समर्थन करेंगे।
धन्यवाद,

भवदीय
अ.ब.स

CS CamScanner

III. (अधिकारी को)

बिजली के खराब मीटर की शिकायत करते हुए विद्युत् अधिकारी को पत्र लिखिए -

वार्ड.न.245,नेहरु कॉलोनी,
क.ख.ग शहर ।
17 अप्रैल 2024

विद्युत् अधिकारी,
वार्ड.न.245,नेहरु कॉलोनी,
कखग शहर ।

विषय:बिजली के खराब मीटर के संबंध में

महोदय,
मैं अबस, कखग शहर का निवासी हूँ । पिछले पाँच वर्षों से यहाँ रह रहा हूँ । इस पत्र के द्वारा मैं आपका ध्यान अपने घर में लगे बिजली के मीटर की ओर दिलाना चाहता हूँ । विगत तीन महीनों से मेरे मकान में लगा बिजली का मीटर बंद पड़ा है । इसके विषय में मैंने मीटर रीडर को कई बार अवगत कराया लेकिन उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की । अनुमान के आधार पर ही विद्युत् बोर्ड की ओर से बिल भेज दिया जाता है ,जिसे मैं जमा करवा देता हूँ ,लेकिन वास्तव में मेरे घर में बिजली की खपत कितनी होती है ,इसका सही आकलन नहीं हो पा रहा है ।
आप से अनुरोध है कि आप इस मीटर को शीघ्र बदलवाने की कृपा करें । मेरे पत्र के साथ गत तीन महीनों के बिलों की प्रतियाँ संलग्न है ।
सधन्यवाद ।

भवदीय
अ.ब.स

CamScanner